An organization would want their people to be competitive and evolve themselves with the changing technologies and it would also want them to leverage the expertise according to the corporate needs. Improving the knowledge level and upskilling expertise of the workforce should be an ongoing process. No organization can afford to say NO to expertise and knowledge of their workforce.

The banking sector at large is very much vulnerable to the disruptions caused due to change of personnel at different levels due to periodical transfers, promotions, retirements and resignations. While transfers, promotions and retirements are inevitable, resignations on the other hand are hugely dependent on the culture and fabric of an organization. On one hand, the Bank would require their workforce to regularly have an upskilling and on the other hand they should be able to keep these talents within the organization, i.e. to reduce attrition. The organization should be able to perceive the phenomenon of attrition as 'intellectual capital erosion', something which doesn't find a place in the balance sheet of the Bank but is capable of badly affecting the balance sheet in the long run.

A career oriented and self-motivated employee would always voluntarily do his/her part in the process of upskilling, while for others, the onus of this lies hugely on the part of an organization. An upskilled employee would find him marketable in the job market. If an organization doesn't care about its employees, they would leave for another job, resulting in a void that would require time and resources to fill. With 'privatization' looming around the PSBs, the concepts of **"Confirmed"** job and **Job Security** are of little importance going forward. It is noteworthy to mention here that the exit interview process needs to be given proper importance. The perception of the employee towards an organisation at the time of resignation / VRS often gives valuable insights about the HR management and working culture of an organisation as a whole. An organisation needs to be honest in analysing this insight for making corrective steps if required.

MONITORING THE ASSETS & SHARING OF KNOWLEDGE

The intellectual assets (workforce) of a bank should also be equally monitored along with the financial assets (loans). There should be a mechanism from the HR front to keep watch of the workforce with regard to their upskilling. Periodical check should happen on the data of upskilling done by the workforce and organization should explore how well it can be utilized for the betterment of the organization itself. If an up skilled employee is unused for long, the resources spent if any by the organization in upskilling is of no use. Sharing the knowledge acquired by the employee with fellow colleagues will also add value to the possessed knowledge.

A common incentive-based platform in the form of a portal can be developed to let the employees share their knowledge in the form of pdfs, documents etc. For instance, an employee may be well versed in handling Bank Guarantees in CBS, then he or she can document the step by step procedure of, say, opening an Inland BG in CBS and share it for reference. Bank can encourage more employees to come forward and share such knowledge (be it work related or industry related).

CAPTURING THE STRENGTHS AND WEAKNESSES

No doubt that performance evaluation is one key tool for incentivizing the employee with regard to promotions and favourable placements. But is that the sole criterion for considering him/her for placements everytime?

As far as an officer/manager is considered, there are far more perceptions to be looked upon beyond performance while considering for an assignment. The parameters/traits which are qualitative in nature can sometimes give better insights about the employee to enable the organisation to take a suitable decision with regard to his/her future posting. Man-management, Customer relationship, team building, inter personal relationships etc are some of the few. The qualitative aspects of the employee often finds less weightage during the process of appraisal. At times, these kind of insights about the employee can be handy for the Bank. For example, a Branch which has been on the downtrend due to mounting customer complaints, would want a Manager who is excellent with his customer relationship traits. If this piece of information is readily available with the Bank, the same can be made use while making transfer / postings.

In another instance, a branch which is bleeding bad due to mammoth SMA figure requires an in charge with a legacy of SMA management. If these kind of qualitative traits are quantitatively captured during the appraisal process, it will hugely help the Bank in the process of placements.

The reverse of this also equally important. The weaknesses of the employee should also be taken into account. NPA slippages, level of customer complaints, increase in SMA, low level of sanctions in a particular sector (like Retail/MSME/AGRI etc) in the previously worked branches should be captured as undesirable traits, and such employees should be given trainings to hone their skills.

The robustness of BCP (Business Continuity Plan) of every organization is the capability to adapt to change in personnel in a particular role. An organization is said to be vulnerable to changes in personnel when it is dependent more on people than on processes. To tide over the challenges posed by this, an organisation should equip them with the right HR tool, which will give an all-around insight about the human resource, and not just from the performance front.

*****

बातें

स्वीटी राज
अधिकारी
सीपीएच, पटना

गर्मियों की दुपहर थी, ब्रांच के सभी स्टाफ लंच टाइम का इंतज़ार कर रहे थे। तभी दरवाज़े से एक महिला हड़बड़ाती हुई अंदर आई और एकदम से पूछा पैसे निकालने हैं। गर्मी अपने चरम पर थी और ग्राहकों की संख्या ना के बराबर थी। ऐसे में उस महिला के आते ही सबकी बरबस नज़रें उनकी ओर चली गयी थीं।

उनका नाम मीनाक्षी था, उन्हें सिर्फ तमिल बोलनी आती थी और वह मछली बेचने का काम करती थी। मीनक्षी माँ का अकाउंट बहुत लंबे समय से इस ब्रांच मे था, लगभग 10–12 सालों से उनका यहाँ आना जाना था। ब्रांच के ज़्यादातर लोग 50 वर्ष या उसके आसपास के उम्र के थे, पर अभी कुछ दिनों पहले ही वहाँ एक नयी परिवीक्षाधीन अधिकारी जया की नियुक्ति हुई थी। मीनक्षी माँ उसे देखकर बहुत आश्चर्यचकित हुई और खुशी के मिश्रित भाव से कहा, 'अरे वाह! नया मेहमान आया है, अब तो खूब बातें करूंगी।' नयी अधिकारी उत्तर भारत से थी और उसे तमिल बोलनी नहीं आती थी। जब मीनक्षी माँ पहली बार उसके काउंटर पर गयी थी तो काफी परेशान थीं, पैसे जमा करने वालों की भीड़ बहुत ज्यादा थी और कम्प्यूटर न चलने की वजह से भीड़ बढ़ती ही जा रही थी, तब मीनाक्षी मां की परेशानी और उनकी उम्र को देखते हुए उस नयी अधिकारी ने उन्हें बैठने के लिए कुर्सी दिलवाई और एक ग्लास पानी भिजवाया। बस, यहीं से दोनों की दोस्ती की शुरुआत हो गयी। अब मीनाक्षी माँ समय निकाल कर लगभग रोज़ ही आने लगी, कुछ पैसे जमा करतीं और देर तक बैठ कर जया से ढेर सारी बातें भी करती। ब्रांच के सभी लोग आश्चर्यचकित थे कि मीनाक्षी माँ को न तो हिंदी आती थी और न ही जया को तमिल आती थी, फिर भी दोनों हंसकर देर तक साथ बैठकर बातें करतीं।

मीनाक्षी माँ नयी महिला अधिकारी से घर परिवार, समाज और रोज़मर्रा की अपनी ढेर सारी बातें करती थीं और कहती थीं कि जब तक मैडम की पोस्टिंग यहाँ है मैं उनको तमिल सीखा के रहूँगी और चेहरे पर फैली बड़ी–सी मुस्कान से सबका दिल जीत लेती थी। एक बार शुक्रवार के दिन वह बालों में लगाने वाले ढेर सारे फूल ले कर आ गयीं और जया से कहा कि क्या मैं आपके बालों मे लगा दूँ? जया ने मुस्कुराकर देखा और कहा ज़रूर लगा दीजिये, इतना सुनते ही मीनाक्षी माँ खुशी से झूम उठीं। उन्हें पहली बार देखकर कोई कह ही नहीं सकता था कि उन्हें कोई दु:ख भी होगा पर उनके दु:ख इतने गहरे थे कि सालों का मरहम भी वह दु:ख कम नहीं कर सका था। सुनामी ने उनकी दुनिया ही बदल दी थी, पति, बच्चे और घर सब कुछ सुनामी ने निगल लिया। रिशतेदारों ने दूरी बना ली थी, जीवन बोझ–सा हो गया था, पर उन्होंने हिम्मत नहीं छोड़ी। अपने पति के मछली बेचने के व्यवसाय को उन्होंने अपने जीवनयापन का सहारा बना लिया था और धीरे–धीरे सामान्य होने की कोशिश कर रही थी। वह पहले भी ब्रांच में आया करती थीं, पर जब से जया मैडम आई थी, मीनाक्षी माँ खुश रहने लगी थीं, उन्हें लगता था कोई मिल गया दु:ख–दर्द बांटने वाला। जया बहुत शांति और धैर्य से उनकी बातें सुना करती थी और बीच–बीच में मुस्कुराती रहती थी, भले ही मीनाक्षी माँ का कहा एक भी शब्द उसे समझ ना आ रहा हो। समय बीतता गया और दोनों की दोस्ती पक्की होती गयी, अब मीनाक्षी माँ जया के लिए इडली और डोसा बना कर लाने लगी थीं और जया उनके बैंक के सभी काम अच्छे से और ससमय करने लगी थी। जब आम के फलों का दिन आता तो वह जया के लिए और शाखा के बाकी सदस्यों के लिए भी अपने बगीचे के आम लाने लगी थीं।

धीरे–धीरे जया तमिल समझने और टूटे–फूटे तौर पर बोलने भी लगी थी। कई बार बहुत गहरे दु:ख का मरहम ऐसे लोगों

और जगहों में मिल जाता है जो हमने कभी नहीं सोचा होता है, मीनाक्षी माँ और जया की दोस्ती भी यही मरहम थी। अब जया शाखा के लोगों से और मीनाक्षी माँ से बहुत घुलमिल गयी थी। उसे जब कभी बुख़ार भी हो जाया करता तब घर पर बैठने के बजाए वह शाखा में चली आना पसंद करती थी। जया की पोस्टिंग अपने घर से 2000 किलोमीटर दूर हुए थी, सो घर जाना कम ही हो पाता था। एक बार मीनक्षी माँ ने जया और शाखा के अन्य लोगों से कहा कि यदि इस रविवार आप लोगों के पास थोड़ा समय हो तो मंदिर सेवा के लिए साथ चलेंगे, सुबह 4 बजे शाखा से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी वाले मंदिर में इकठ्ठा होना होगा। सभी लोगों ने एक स्वर में हामी भरी। देखते–ही–देखते रविवार भी आ गया और सभी लोग तय समयानुसार मंदिर परिसर में जमा हो गए। सबने आपस में काम बाँट लिए, किसी ने वहाँ की दीवारों की सफाई का काम संभाला, किसी ने आँगन की साफ सफाई संभाली, किसी ने दरवाजों और खिड़कियों की। साफ–सफाई के बाद जब सुबह की आरती शुरू हुई तब ऐसा लग रहा था मानो सभी देवी–देवता वहाँ स्वयं प्रकट हो गए हों और मधुर संगीत व आरती का आनंद ले रहे हों। जया के लिए ऐसा अनुभव जीवन में पहली बार हो रहा था, वह बस मंत्रमुग्ध–सी हो कर मंदिर के संगीत और मंत्रों के उच्चारण में खो–सी गयी। मंदिर की सीढ़ियों पर एक साथ बैठे–बैठे शाखा के सभी लोग अपनी–अपनी यादों का पिटारा खोलने लगे। शाखा की सबसे वरिष्ठ महिला श्रीमती लक्ष्मी ने अपनी बेटी के बारे में बात शुरू की, उन्होंने बताया कि कैसे समय देखते–ही–देखते मानों पंख लगा कर उड़ गया हो और कल की उनकी नन्हीं–सी बेटी आज इतनी बड़ी हो गयी है कि उसकी शादी तय हो रही है, अपनी बेटी का बचपना याद करके उनकी आँखों में आँसू आ गए। उसका तुतला कर बोलना, ठुमक–ठुमक कर चलना, मोटे–मोटे गाल, बड़ी–बड़ी आँखो से देखना, ये सब यादें मानो बिजली की गति से उनके आँखों के पटल पे आ गए। लक्ष्मी मैडम के बाद पल्लवी मैडम ने अपनी आँखों से बहते आँसुओं को पोछते हुए कहा कि सारा जीवन निकल जाता है बच्चों की देखभाल और परिवार को संभालने में, पर जब हम बूढ़े होने लगते हैं तो बच्चों को खुद से बहुत दूर पाते हैं, न तो उनके पास हमारे लिए समय होता है और न ही उनकी इच्छा होती है साथ रहने की। इतना कहते ही पल्लवी मैडम ज़ोर–ज़ोर से रोने लगीं, सभी सहकर्मियों ने उनके आँसू पोंछें और उनको चुप कराया।

माहौल को भारी होता देख कर चन्द्रशेखर सर ने बोलना शुरू किया, 'मेरी शादी बचपन में ही तय कर दी गयी थी, मेरे दादाजी और मेरी पत्नी के दादाजी आपस में बहुत अच्छे दोस्त थे और हम दोनों के जन्म लेते ही उन लोगों ने हमारी शादी आपस में तय कर दी थी। पड़ोसी होने के कारण हम दोनों साथ–साथ बड़े हुए और एक साथ स्कूल–कॉलेज में पढ़ाई किया, बचपन की दोस्ती प्यार में कब बदल गयी, पता ही नहीं चला, जीवन इससे अच्छा हो ही नहीं सकता था, हमारे दो बच्चे हुए और समयानुसार पढ़ाई–लिखाई, शादी–ब्याह सब हो गया और दोनों बच्चे अपने–अपने जीवन में व्यस्त हो गए। हमने बच्चों के बच्चों को भी अपनी गोद में खिलाया, मैंने सोचा था कि रिटायरमेंट के बाद अपनी पत्नी को लेकर भारत भ्रमण पर जाऊंगा, उसे देश–विदेश की यात्राओं पर लेकर जाना था, पर मेरी पत्नी ने तो मानो सब कुछ पहले से ही तैयार कर रखा था, उसने अपने बचाए हुए पैसों से हम दोनों के लिए भारत भ्रमण की टिकट करवा ली है, अब रिटायरमेंट के बाद मैं अपनी पत्नी के साथ अपने सपने को जी सकूँगा। इसके साथ ही उन्होंने ये शर्त भी रखी है कि मुझे खाना बनाना सीखना होगा मुझे तो कुछ भी बनाना नहीं आता, रिटायरमेंट के बाद मेरी नयी नौकरी शुरू हो जाएगी।' सभी लोगों के चेहरों पर हल्की–सी मुस्कान छा गयी। चन्द्रशेखर जी के बाद रामालिंगम सर ने कहना शुरू किया, 'नौकरी जब तक चल रही है समय का पता ही नहीं चलता, पूरा दिन बीत जाता है और एहसास भी नहीं होता न जाने रिटायरमेंट के बाद क्या होगा।' रामलिंगम सर अकेले रहते थे, उनकी पत्नी साथ नहीं रहती थी और एक बेटी थी जो शादी के बाद अपने ससुराल चली गयी थी। सुबह उठकर अपने लिए नाश्ता बनाना और टिफ़िन रखना, खुद के कपड़े प्रेस करना और घर की साफ–सफाई यह सभी काम रामलिंगम सर खुद ही किया करते थे, उन्होंने कहा, 'मैं रिटायर होने के बाद भी शाखा में आता रहूँगा, यहाँ के लोगों और साथियों के सिवा मेरे कोई नहीं है।'

मीनाक्षी माँ जो अभी तक चुप बैठी थी, उठकर वहाँ से आगे की ओर जाने लगी। सभी लोग एकसाथ बोल पड़े, 'अरे

मीनाक्षी जी आप कहाँ जा रही हैं? आप ही तो हम सभी को लेकर यहाँ आई हैं।' एक साथ किए गए इस अनुरोध ने उनके बढ़ते कदमों को रोक दिया, वह वहीं सभी के साथ बैठ गईं और अपने आँसू को रोकने का प्रयास करते हुए बोली, 'मैं यहाँ अपने पति और दोनों बच्चों को लेकर आया करती थी। भगवान ने सब कुछ दिया था, हम सब एक साथ बहुत खुश थे, बच्चों और पति के लिए खाना बनाना और साथ घूमने जाना मुझे बहुत अच्छा लगता था, कितना भी व्यस्त रहने पर पति हम लोगों के लिए समय निकाल लिया करते थे, रविवार तो बस घूमने और साथ वक़्त बिताने के लिए ही हुआ करता था। न जाने कितने ही मंदिर, गिरजाघर, गुरुद्वारे हमने साथ घूमे थे। बच्चों को पढ़ाना, तैयार करना मेरे पति की ड्यूटी हुआ करती थी और मैं सबको खाना खिलाती, घर की और सभी की देखभाल करती थी, उन सबको खुश देखकर मैं बहुत खुश हो जाया करती थी। सब अच्छा चल रहा था कि तभी मानो जैसे किसी की नजर लग गयी हो। वो काला दिन आज भी मुझे अच्छे से याद है, हम लोग घूमने बीच पर गए हुए थे, घर से खाना बना कर ले गए थे, सभी बहुत खुश थे, मेरे मोहल्ले से और भी लोग गए हुए थे। सब खेलने और खाने में व्यस्त थे, माँ का फोन आने के कारण मैं थोड़ी दूर जाकर बात करने लगी थी, तभी मेरी बेटी की तेज़ आवाज़ आयी, वह बहुत डरी हुई थी, उसने चिल्लाकर कहा, माँ देखो कितनी बड़ी लहर आ रही है। हम सब कुछ सोच या समझ पाते उससे पहले ही उस लहर ने सबकुछ डूबा दिया था। सब लोग अलग-अलग हो गए थे, कोई कहीं डूब रहा था कोई कहीं और, चारों तरफ बस शोर और रोने चीखने की आवाज़ थी। प्रकृति के सामने मानो इंसान की कोई बिसात ही न हो, मैं भी लहरों के साथ बहने लगी, कुछ दूर तक बहने के बाद मेरा पैर एक बड़ी सी शाखा में फस गया था और उसी को पकड़े-पकड़े मैं बेहोश हो गयी थी। जब 2 दिन बाद होश आया तो खुद को अस्पताल में पड़ी पायी, आस-पास कोई भी पहचान का नहीं दिख रहा था, मैं तुरंत चिल्लाकर अपने बच्चों और पति को खोजने उठी, पर चक्कर खा कर गिर पड़ी। नर्स और डॉक्टर ने आकर मुझे संभाला। मैं बहुत रो रही थी, सब तरफ बस लोगों के रोने की आवाजें और अपनों को खोने का दर्द था। मैंने भगवान को कोसते हुए कहा कि मुझे क्यों छोड़ दिया अकेले ये सदमा सहने को, मुझे भी मेरे घर वालों के साथ ले जाते। इन सब के बाद भी हिम्मत जुटा कर मैंने घरवालों को खोजने की बहुत कोशिश की, हर नर्स डॉक्टर से पूछा, अस्पताल की एक नर्स की मदद से एक-एक बेड के पास जा कर अपने पति और बच्चों को खोजा। नर्स बहुत अच्छी थी उन्होंने मुझे साथ लेकर दूसरे अस्पतालों में भी मेरे परिवार को खोजने की कोशिश की, हर जगह जहां लोग भर्ती थे हम वहाँ गए। काफी खोजने के बाद भी कुछ पता नहीं चल पा रहा था, मैं थक हार कर एक अस्पताल के बाहर पेड़ के नीचे बैठ गयी, तभी कुछ लोग इस त्रासदी में भगवान को प्यारे हुए लोगों की फोटो नोटिस बोर्ड पर लगा रहे थे। मैंने काँपते हुए शरीर को संभाला और पूरी हिम्मत जुटाते हुए वहाँ पहुंची, नोटिस बोर्ड देखते ही मैं नीचे गिर पड़ी, पहली तस्वीर मेरे पति की ही थी। मुझे लगा कि बस दुनिया खत्म हो गयी मेरे लिए, फिर बच्चों का ध्यान कर और हिम्मत वापस जुटाकर मैंने बाकी के फोटो देखें, नोटिस बोर्ड के अंत आते-आते तक मेरी दुनिया पूरी तरफ तबाह हो चुकी थी, वहाँ मेरा पूरा परिवार पड़ा था। दिमाग में गूँजते सन्नाटे के साथ मैं वहीं बेहोश हो गयी थी। साथ आई नर्स मुझे अपने घर ले गई थी और लगातार कई हफ्तों की सेवा के बाद मैं उठकर बैठी थी। उनकी सलाह पर मैंने सुनामी से तबाह हुए लोगों से मिली उनके दर्द के साथ अपना दर्द बांटा। और इस त्रासदी में अकेले रह गए कुछ बच्चों की देखभाल करने का फैसला लिया। इस फैसले ने मुझे जीने के लिए नयी ताकत दी और लगा जैसे मैंने अपने परिवार को ऊपर से मुसकुराते हुए पाया। एक वह दिन था और एक आज का दिन है अब उन बच्चों की जिम्मेवारी ही मेरा जीवन है। अब बस उनके लिए ही जीती हूँ, पति का व्यवसाय भी उन्हीं बच्चों की देखभाल के लिए सँभाला है।'

मीनाक्षी माँ की बातें सब बड़े हीं ध्यान से सुन रहे थे और सबकी आँखों से अविरल आँसू की धारा बह रही थी। जया में मीनाक्षी माँ को अपनी बेटी दिखाई देती थी इसलिए उनको जया से बहुत लगाव हो गया था। उनके मन के भावों को समझते हुए जया और बाकी की सभी महिला कर्मचारियों ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा, 'अरे! हम सब हैं न आपके परिवार वाले, आप चिंता क्यों करती हैं।' इतना कह कर सब अपने मन में सोचने लगे कि ये बातें कितनी कमाल की चीज़ होती हैं, किसी से कहकर बोलकर, मन का दु:ख हल्का-सा लगने लगता है।

*****

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ Syndicate

Evolving Trends in Housing Loan Landscape in India

Ipsita Pradhan
Senior Manager
Economist, S & DA Wing
HO, Bengaluru

Executive Summary

- The Indian housing finance market has been on a healthy growth trajectory, expanding at a CAGR of 14% over March 2021 to March 2024 to reach ₹22.6 lakh crore.
- There is good growth opportunity for housing loan in major cities like Bangalore, Mumbai, Pune and Chennai, particularly in the price segment of ₹1.5 crore -3 crore, which is witnessing significant rise and ₹50 lakhs-75 lakhs segment, which continues to hold the largest share of total sales.

Indian economy remains the fastest growing economy in the world in FY 2024-25 with its robust economic fundamentals and domestic demand conditions. RBI in its June 2024 monetary policy meet has revised upwards the growth projection for Indian economy to 7.2% y-o-y in FY 2024-25 as compared to earlier projection of 7%. Global multilateral agencies like IMF and World Bank have also revised upwards India's growth projection to 7% (Earlier: 6.8%) and 6.6% (Earlier: 6.4%) in their latest reports.

Trend of Housing Loan Growth March 2021 to March 2024

(in ₹ CR)	Mar-21	Mar-22	Mar-23	Mar-24	CAGR Growth
SCB	15,12,004	17,38,473	19,91,164	22,64,677*	14.4%
Canara Bank (CB)	64,326	73,828	84,364	93,482	13.3%

Note: SCB Housing Loan as on March 2024 is excluding impact of merger of HDFC with HDFC Bank

The positive economic growth outlook and investment optimism has been fueling a sharp uptrend in demand for housing with housing loan outstanding of Scheduled Commercial Banks (SCBs) as on March 2024 at ₹22.64 lakh crore, 1.5 times that of March 2021, with a Compounded Annual Growth Rate (CAGR) of 14.4% y-o-y and the trend continues to remain strong in the current financial year.



Source: Sectoral Credit Data of RBI and SIBC data of Canara Bank

Robust Growth trend in Housing Sales & New Launches

According to data compiled from JLL research report "Residential Market Update", the number of new residential units sold in March 2024 has recorded a robust growth of 20% y-o-y to 74,486 units as compared to 62,040 units in March 2023. The number of new units launched also recorded a growth of 5% y-o-y to 79,110 units in India's seven major cities (Mumbai, Bengaluru, Hyderabad, Delhi NCR, Chennai, Pune, Kolkata).



In terms of location, the highest y-o-y growth in sales is observed in Bengaluru (30%), Mumbai (27%), and Pune (15%), together accounting for about 64% of total units sold. As per the JLL report, Bengaluru and Pune recorded highest sales in the ₹50 lakh-75 lakh price segment, while Mumbai saw maximum sales in the ₹1.5 crore-3 crore price segment. In terms of new residential launches, Mumbai has recorded a y-o-y growth of 20% and Bengaluru has recorded a growth of 7% y-o-y.

The other city with notable growth momentum is Chennai, which recorded 32% y-o-y growth in sales of residential units and 29% growth in new launches. Hyderabad on the other hand has recorded a growth of 6% y-o-y in sales of residential units with robust 21% growth in new launches. Kolkata has witnessed a 58% growth in residential units sales in March 2024 quarter.

Trend of Sales of Residential units across Major Seven cities

City	Mar-23	Mar-24	% Growth Y-o-Y
Bengaluru	13,029	16,995	30%
Mumbai	12,988	16,544	27%
Pune	12,038	13,849	15%
Delhi NCR	10,139	10,153	0.1%
Hyderabad	8,123	8,593	6%
Kolkata	3,160	4,979	58%
Chennai	2,563	3,373	32%
Total	**62,040**	**74,486**	**20%**

Trend of New Residential Launches across Major Seven cities

City	Mar-23	Mar-24	% Growth Y-o-Y
Mumbai	16,867	20,224	20%
Hyderabad	13,844	16,728	21%
Pune	16,340	14,518	-11%
Bengaluru	11,745	12,616	7%
Delhi NCR	9,152	7,669	-16%
Chennai	3,310	4,262	29%
Kolkata	3,737	3,093	-17%
Total	**74,995**	**79,110**	**5%**

As per JLL report there is a noticeable surge in the number of high-value projects which are in the price bracket ₹1.5 crore – ₹ 5 crore segment, where the share of quarterly sales increased from 18% in March 2023 to 24% in March 2024.

The same trend is also corroborated by another report by Knight Frank for January-June of 2024. According to the report (which surveys 8 major cities in India including Ahmedabad), launches and sales of new housing units are up 6% y-o-y and 11% y-o-y respectively. Knight Frank report additionally shows that Ahmedabad is another important city that witnessed significant growth in residential units sales growth of 17% y-o-y in January-June 2024.

Home prices also are on an uptrend



As per the RBI's Housing Price Index data, house prices have grown in annualized (y-o-y) terms at 'All India' basis from 3.8% in December 2023 quarter to 4.1% in March 2024. Sharp uptick in prices have been recorded in Ahmedabad, Bangalore and Kolkata with house price increased to 11.7%, 8.8% and 7.7% respectively. Increasing prices and appreciation in capital value is expected to draw higher investment into real estate by HNIs and NRIs.

Our take.....

The above analysis shows that there are good growth opportunities for housing loans in major cities like Bangalore, Mumbai, Pune and Chennai, particularly in the price segment of ₹1.5 crore -3 crore, which is witnessing significant rise and ₹50 lakhs-75 lakhs segment, which continues to hold the largest share of total sales.

The robust economic growth forecast for the domestic economy in FY 2024-25 of 7.2% y-o-y (RBI) along with Government's policy focus in the affordable housing segment is expected to keep the momentum in residential real estate market in India, boding well for the credit growth in the housing segment.

Views/opinions expressed in this research publication are views of the research team and not necessarily that of Canara Bank or its subsidiaries. The publication is based on information & data from different sources. The Bank or the research team assumes no liability if any person or entity relies on views, opinion or facts and figures finding in this project.

Owning a home is the most desirable thing for all, it acts as your fiscal wealth and mental security.

Canara Institute of Bank Management (CIBM) - Manipal Campus: A Sustainable Hub for Banking Prowess

– Learning & Development Vertical, HR Wing

"Standing Tall, Shaping futures"

Canara Institute of Bank Management (CIBM) - Manipal Campus: A Sustainable Hub for Banking Prowess

Nestled in the serene and picturesque surroundings of Manipal, the Canara Institute of Bank Management (CIBM) erstwhile SIBM stands as a testament to Canara Bank's commitment to fostering a culture of excellence and continuous learning. This state-of-the-art training campus is more than just a learning center; it is a green oasis that embodies the principles of sustainability and innovation, creating an ideal environment for personal and professional growth.

Commitment to Sustainability

CIBM's commitment to sustainability is evident in its sprawling 15-acre campus, which is a harmonious blend of modern architecture and natural beauty. The campus features lush green gardens, a 750-meter walking track through mango trees, and outdoor playgrounds for cricket and volleyball. This green environment not only provides a tranquil setting for learning but also reflects Canara Bank's dedication to environmental stewardship.

In recognition of its sustainable practices, CIBM has been awarded the IGBC Green Campus Award (Silver) for the period 2024-2029. The campus also boasts a wastewater recycling unit, ensuring that water conservation is a key priority. The recycled water is used in sprinkler irrigation of the garden, showcasing a practical approach to sustainability. Moreover, CIBM has implemented a solar power unit with a capacity of 222 kw, aiming to save around 50% of its electricity bill and further reduce its carbon footprint.

State-of-the-Art Infrastructure

The infrastructure at CIBM is world-class, with well-furnished learning rooms equipped with modern training aids. The main block houses three learning rooms with a capacity of 45 each, three computer labs with 100 computers, and a library stocked with a wide range of books, magazines, and journals. The library is spacious and also features a digital library, providing trainees with access to a vast array of online resources.

The entire campus is Wi-Fi-enabled, ensuring that participants have seamless access to the Internet for their research and learning needs. The new block comprises two learning rooms fully equipped with modern facilities, a mini conference room, and a computer lab with over 80 computers.

Additionally, the campus features an artistically designed conference hall with a seating capacity for 75 persons and a beautiful auditorium that can accommodate 150 persons, both fitted with advanced audio-visual equipment.

The hostel block, surrounded by lush green lawns and a beautiful rose garden, provides a comfortable stay for participants. The air-conditioned hostel rooms are equipped with modern amenities, including a gymnasium, and the canteen serves a wholesome range of hygienic vegetarian food. Daily doctor visits are arranged to ensure the health and well-being of the participants.

Certified Excellence

CIBM's dedication to quality and excellence is underscored by its ISO 9001:2015 certification. This certification reflects the institute's commitment to maintain the highest standards in its training programs, administrative processes, and overall management. CIBM has also been recognized with the Golden Globe Tiger Award for Excellence in Training twice, in 2024 and 2022. In 2022, CIBM won the Golden Globe Tiger Award for Best Technology Implementation in Training for its CanDLE and TIMES packages. Additionally, in 2023, it received awards for Best Training & Development Practices in the Banking Sector and Best Use of Technology in Training - Banking Sector from the National BFSI Awards for Leadership & Business Excellence.

Comprehensive Training Programs

Training at CIBM is not just about imparting knowledge; it is about holistic development. The institute offers a wide range of training programs, including:

1. Credit (Corporate, Retail, Priority Sector, MSME, Agriculture & Gold Loans)
2. Credit Monitoring, Legal & Recovery
3. Foreign Exchange
4. HR, Marketing, Customer Service, and Compliance
5. Digital Banking and Technology (including Cyber / Information Security)
6. Internal Control, Inspection, and Risk Management

These programs are designed to address the specific needs of banking professionals at various levels, from basic to advanced, ensuring that the training is relevant and impactful. The training methodology includes a mix of lectures, presentations, case studies, problem-solving exercises, gamification, simulations, role plays, and collaborative learning activities.

Faculty and Support

The institute is supported by a team of dedicated and experienced faculty members with specializations in various areas of banking and finance. They bring a wealth of knowledge and practical experience, ensuring that the training provided is of the highest quality. The faculty members are regularly updated with the latest industry standards through faculty development programs and

external training at reputed institutes.

A Technological Powerhouse

CIBM is at the forefront of integrating advanced technology into its training methodologies, making it a beacon of modern learning in the banking sector. The campus boasts the Training Information Management and Evaluation System (TIMES), a comprehensive platform that covers the entire lifecycle of training programs. TIMES ensures that all training processes are streamlined, transparent, and data-driven, thereby enhancing the overall effectiveness of the training provided.

Additionally, the Canara Digital Learning Experience (CanDLE) hosts a plethora of e-learning courses, catering to the diverse needs of banking professionals. This platform is not just about delivering content; it is about engaging learners through interactive and innovative methods. From podcasts and circular talks to Can Info Pro videos and FAQs, CIBM employs a multifaceted approach to cater to different learning preferences and needs.

Continuous Improvement and Innovation

CIBM is committed to continuous improvement and innovation in its training delivery. The training programs are evaluated through structured feedback and performance metrics, ensuring that they remain relevant and effective.

The institute also embraces digitalization in its training processes, making the entire training flow online and paperless through the CanaraTIMES package. This includes automated feedback tracking, online cost and budget tracking, automatic evaluation, online scheduling of trainings, and providing 24x7 access to relevant study materials.

Geography and Weather

Located at coordinates 8QPJ+8WV, 2nd Stage, Ananth Nagar, Manipal, Karnataka 576104, the CIBM campus enjoys a prime location atop Manipal Hill. This location offers a panoramic view of the green valleys and the Arabian Sea towards the west. The region is known for its moderate climate, with pleasant temperatures throughout the year, making it an ideal setting for learning and relaxation.

Manipal, a university town, is renowned for its educational institutions and vibrant student life. The town provides a blend of modern amenities and natural beauty. Nearby attractions include the End Point Park, which offers breathtaking views of the Arabian Sea and the Western Ghats, and Malpe Beach, a perfect getaway for those looking to unwind by the ocean.

The climate in Manipal is characterized by a mix of coastal and tropical climates, ensuring cool breezes and comfortable humidity levels. The monsoon season brings refreshing rains that enhance the lush greenery of the campus, while the winters are mild and inviting. This serene and picturesque environment contributes significantly to the overall learning experience, providing a peaceful backdrop for intensive study and reflection.

Conclusion

The Canara Institute of Bank Management (CIBM) in Manipal is more than just a training center; it is a symbol of Canara Bank's commitment to excellence, sustainability, and innovation. The serene and green environment, state-of-the-art infrastructure, comprehensive training programs, and dedication to continuous improvement make CIBM a premier destination for banking professionals seeking to enhance their skills and contribute to the growth of the organization. Employees can take pride in being part of such a forward-thinking and environmentally conscious institution, ensuring that they are well-equipped to meet the challenges of the modern banking world.

*****

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ ಸಿಂಡಿಕೇಟ Syndicate

Workplace Wisdom Crossword

S Devanarayanan
Senior Manager
CIBM manipal



Answers on page 31 to the Workplace Wisdom Crossword

"People are an organisations most valuable asset and the key to its success".
– Dave Bookbinder

--------- Workplace Wisdom Crossword ----------

Clues : The number in the bracket represent number of alphabets in the word.

DOWN :

1 Compensation provided to employees in addition to salary. (8)
2 Training to enhance employees' current skills. (10)
4 Workplace Collaborators. (4)
5 A flexible work schedule that allows employees to vary their arrival and departure times. (9)
7 A standard used to measure HR practices. (9)
8 The total number of employees in an organization. (9)
34 The procedure of integrating a new employee into an organization. (10)
35 Payment or benefits received for services or employment. (12)
36 Echo with wisdom. (7)
37 The action of finding a job for someone. (12)
38 The act of introducing new employees to the organization. (11)
39 The rate at which employees leave and are replaced in an organization. (8)
40 The values, beliefs, and behaviours that shape how a company operates. (7)
41 Compensation provided to employees in addition to salary. (8)
42 Evaluation of an employee's job performance. (9)
44 The process of evaluating an employee's skills, performance, or qualifications. (10)
45 The practice of training people to obey rules or a code of behaviour. (10)
46 A person with whom one works in a professional setting. (9)
47 Ensuring all employees feel valued and integrated into the workplace. (9)
48 An experienced advisor who guides and supports a less experienced employee. (6)
49 The inclusion of individuals from a variety of backgrounds, cultures, and perspectives in the workplace. (9)
51 Actively supporting or promoting the interests and rights of employees. (8)
52 A process where a neutral third party helps resolve workplace conflicts. (9)
53 The process of managing the payment of wages to employees. (7)
54 Guiding employees to improve performance and develop skills. (8)

ACROSS :

3 Ensuring organizational goals and employee actions are in sync. (9)
6 A flexible work schedule that allows employees to vary their arrival and departure times. (9)
9 The level of commitment and enthusiasm employees have towards their job. (10)
10 The process of obtaining another company or talent. (11)
11 The process of enhancing employees' skills and career growth. (11)
12 Extreme physical or mental exhaustion due to overwork. (7)
13 Frequent absence from work without good reason. (11)
14 The process of finding and hiring the best-qualified candidates. (11)
16 Planning for future leadership roles and filling them with qualified employees. (10)
17 Information about reactions to a product or a person's performance. (8)
18 Support services provided to employees who are leaving the organization. (12)
20 A formal meeting to assess a candidate's suitability for a job. (9)
21 Acknowledging and rewarding employees' contributions and achievements. (11)
22 The process of assessing an employee's performance and productivity. (10)
23 Guidance provided by a more experienced person to a less experienced one. (10)
25 A person who specializes in finding and attracting candidates for jobs. (9)
26 The process of evaluating candidates for a job. (9)
27 Rewards given to motivate employees to achieve specific goals. (10)
28 Initiatives to promote physical and mental health among employees. (8)
29 Extended leave granted to an employee for rest or professional development. (10)
31 The ability to guide and influence others within an organization. (10)
32 Acknowledgment and appreciation of an employee's achievements. (11)
33 A formal complaint raised by an employee regarding workplace issues. (9)

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
सिंडिकेट Syndicate

Refer to "drawer" by:
K P Ramesh Rao

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
सिंडिकेट Syndicate

किस्सा है चौबे जी का

गौरव जोशी
वरिष्ठ प्रबंधक
एलडीसी, नागपुर

एक बेहद खुशमिजाज़ व बाला हृदय वाला शख़्स। एक बड़े से प्रदेश के ठीक–ठाक शहर में रहता हैं, जहां चीज़ें व फ़ैशन बड़े शहरों के बाद लेकिन छोटे गांवों के पहले पहुँच जाता हैं। जहां की हवा बड़े शहरों में रह रहे उनके बच्चों के लिए साफ व गाँव में रह रहे अम्मा–बापू के लिए खराब है। सरकारी नौकरी में हैं चौबे जी, ऐसी नौकरी जहां दिन में चलना कम रहता है, जिसकी बाबत उनका कभी गठीला रहा शरीर अब गठरी जैसा हो चला है। कभी–कभी ख़याल आता है कि व्यायाम को आयाम दिया जाए, लेकिन मानसिक थकान शारीरिक ऊर्जा को पटकनी दे देती है और घर आते ही चौबे जी लग जाते हैं सोशल मीडिया पर बाकियों को कसरत–व्यायाम और न जाने क्या–क्या अनुसरण करते देखने में।

सब ठीक ही चल रहा है चौबे जी की जिंदगी में, बस एक ये जो नया लड़का आया है दफ्तर में वो रोज़ रोज़ आकर एक घंटा चौबे जी को शारीरिक व्यायाम व पौष्टिक आहार पर पाठ पढ़ाकर जाता है। एक दिन उसने कहा कि आप फलां तरीके से कसरत कीजिये और देखिये एक महीने में आपका सारा मोटापा गायब हो जाएगा। बेचारे भोले–भाले चौबे जी न जाने कैसे एक दिन उसकी बातों में आ गए और एक महीना जैसे–तैसे रो पीट कर उसकी बताई हुई कसरत करते रहें लेकिन उनके ये भारी शरीर की गठरी की एक गांठ भी न खुली। एक महीना पूरा होने पर जब वो नया लड़का फिर आया अपना प्रवचन देने तो भरे बैठे चौबे जी चाय–पानी ले कर चढ़ गए कि समय भी ज़ाया हुआ और कोई फायदा भी नहीं हुआ।

नए लड़के ने पहले भौहें चढ़ाई, फिर दाढ़ी खुजाई, कुछ देर सर भी खुजलाया, चौबे जी की मेज के आगे चार– छः चक्कर भी लगाए फिर उसने पूछा 'अच्छा, ये आप कसरत करने के पहले और बाद में खाते क्या हैं?' चौबे जी ने पूरी शान से गली के एक नुक्कड़ से लेकर दूसरे नुक्कड़ तक लगी सभी चाट पकौड़ी की दुकानों पर मिलने वाले पकवानों की गाथा सुनानी शुरू कर दी कि 'ज्यादा तो नहीं बस सुबह उठकर एक दही–जलेबी, फिर तिवारी की चाय के साथ कुछ चार पाँच कचोरी, फिर तो बस घर आकर अपना दो पराँठे और आचार का हल्का–फुल्का नाश्ता करने के बाद कसरत करता हूँ, फिर बस नहा–धोकर दफ्तर, कसरत के बाद तो खाने का वक़्त ही कहाँ मिलता है! दफ्तर आते–आते इतनी भूख लग जाती है कभी रास्ते में कुल्चे वाली गली से निकलते हैं तो खा लिए नहीं तो यूं ही भूखे ही रहना पड़ता है लंच टाइम तक, चाय पी–पी कर भूख मारनी पड़ती है' चौबे जी ने दिन की तीसरी चाय का कप रखते हुए कहा।

नया लड़का आँखें फाड़े एकटक चौबे जी को देखता रहा कुछ देर, तो चौबे जी ने गुरूर से कहा, 'अब घूर क्या रहे हो, बता तो दिया, और क्या बताएं, बस इतना ही खाते हैं, कसरत के पहले और बाद में, फिर भी तुम्हारी बताई कोई कसरत कुछ असर नहीं दिखा रही, दिन भर नींद आती रहती है वो अलग।'

अपना माथा पीटते और झुँझलाते हुए उस नए लड़के ने कहा, 'अरे रे रे! चौबे जी! थम जाइये। क्या फ़ायदा मेरे इतना कुछ बताने का, आप समझे ही नहीं। सारा खेल तो यही है न, आप कसरत तो कर रहे हैं परंतु अपने शरीर को उचित आहार भी तो देना चाहिए ना, आप लगे हैं कुल्चा–कचोरी में जबकि आपके शरीर को चाहिए प्रोटीन।' चौबे जी ने बड़े असमंजस से नए लड़के को देखा फिर सर खुजाया, 'प्रोटीन!' फिर स्कूल में रटी हुई कुछ पंक्तियाँ दोहरा गए, 'भोजन का वह अवयव जो पौधों और हमारे शरीर की वृद्धि करता है तथा इनके टूटे–फूटे तन्तुओं को सुधारता है, प्रोटीन कहलाता है। लेकिन इस सबका मेरी कसरत और मेरे मोटापे से क्या लेना देना?' नया लड़का फिर बोला, 'अरे चौबे जी, लेना देना है। ये प्रोटीन ही है सफलता की सीढ़ी, आप कसरत कीजिये और उसके पहले और बाद में ये ऊल–जलूल खाने की जगह अच्छी मात्र में प्रोटीन लीजिये,

देखिएगा आपको न तो दिन भर भूख लगेगी न ही थकावट रहेगी।' इस बार नए लड़के ने पुख्ता तरीके से चौबे जी को पूरा डाइट प्लान व रोज की कसरत का लेखा तैयार करके दिया। नए लड़के ने अब इस टाइम पास को गंभीरता से ले लिया था नहीं तो चौबे जी पूरे दफ्तर में उसकी चुगली करते फिरते और चौबे जी भी इस काम को इसलिए गंभीरता से ले रहे थे नहीं तो ये कल का आया लड़का पूरे दफ्तर में उनकी चुगली करते फिरेगा।

तो अब चूंकि चौबे जी शाकाहारी थे सो विकल्प कम ही थे प्रोटीन के उनके पास लेकिन फिर भी नियम से बादाम भिगो कर खाना व एक पूरी टिक्की पनीर की निपटा जाना आम बात हो गयी थी उनके लिए। अब लाला की दुकान से दही–जलेबी की जगह पनीर आता था और तिवारी की चाय के साथ कचौरी नहीं मटर आती थी। अब ये केवल चौबे जी की लड़ाई नहीं बल्कि पूरी गली के ठेले वालों के लिए कौतूहल का विषय बन गया था कि चौबे जी जल्दी ही गठरी से सुतली (रस्सी) बनने वाले हैं।

एक हफ्ता ही हुआ था इस आंदोलन को रफ्तार पकड़े की तभी एक दिन सुबह–सुबह नया लड़का अखबार लिए दौड़ता हुआ चौबे जी के पास आया और दिखाया कि अखबार में खबर आयी है शहर की अधिकांश दुकानों पर एनालॉग पनीर बिक रहा है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है चौबे जी के मुंह से यकायक निकला, 'तो हमारे पुरखे डिजिटल पनीर खाते थे क्या?' 'अरे नहीं चौबे जी। क्या बोल रहे हैं आप। पूरा पढ़िये, एनालॉग मतलब नकली पनीर। अब तो दो ही रास्ते हैं चौबे जी।' नए लड़के ने आँखें छोटी करते हुए अपने होंठों को भींचते हुए कहा। कुछ हताश से हुए चौबे ने पूछा, 'रहूँगा तो मैं शाकाहारी ही, तुम दूसरा रास्ता बताओ।' एक लंबी गहरी सांस लेते हुए नए लड़के ने मशविरा दिया 'तब तो फिर आप पनीर खुद से ही बना लीजिये घर पर, ये ही सही रहेगा, कुछ डिजिटल एनालॉग नहीं एकदम ऑर्गेनिक।'

अभी बेचारे मासूम चौबे जी को घर का बना पनीर मुंह दुखने तक चबाते हुए कुछ दिन ही गुजरे थे कि फिर अखबार में खबर आयी कि बाज़ार में बिकने वाला दूध कई तरह के हानिकारक पदार्थों से बनाया जा रहा है, जिसका सेवन करने से फायदा कम व नुकसान ज्यादा है। चौबे जी फिर अपना सा मुंह लेकर बैठे थे दफ्तर में कि अब उनके खास मित्र बन चुके नए लड़के का फिर से आगमन हुआ और चौबे जी ने अपनी हताशा व्यक्त की, कि आज तो चिंता के मारे सुबह मटर वाली चाट भी नहीं खायी, पनीर से भी अब तौबा ही कर ली है, खाली चाय पी–पीकर जीभ छिल गयी सो अलग। चूंकि चौबे जी के इस आंदोलन की खबर अब पूरे दफ्तर को हो गयी थी सो, अब चौबे जी के गठरी जैसे शरीर को गठीला बनाना नए लड़के की इज्ज़त का भी सवाल हो गया था। लेकिन नए लड़के ने भी हार नहीं मानी, फिर कुछ सोचने विचारने लगा, फिर से भौहें चढ़ाई, फिर दाढ़ी खुजाई, कुछ देर सर भी खुजलाया, चौबे जी की मेज के आगे चार– छः चक्कर भी लगाए और फिर ज़ोर से मेज पर हाथ पीटता हुआ बोला, 'अरे सारी दिक्कत इस दूध की ही तो है न! आप छोड़िए दूध को, आप सोयाबीन के दूध से बनाइये पनीर और तो और चाय के लिए तो आप बादाम का दूध इस्तेमाल कर सकते हैं। घर पर ही बनाइये, मिलावट की कोई कसर ही नहीं, पौष्टिक भी है और एकदम सोशल मीडिया वाला #औथेंटिक भी।'

अगले दिन, दिन नहीं रात को चौबे जी ने कप भर बादाम भिगोये, फिर अगली सुबह उनको पीस कर दूध बनाया, छाना और पतला किया। फिर घर से तीन किलोमीटर दूर स्थित एक दुकान से सोयाबीन का दूध लेकर आए, फिर उसको फाड़कर पनीर बनाने के लिए रखा, फिर यह सब कार्यक्रम करते हुए रसोईघर में फैले त्राहिमाम को घंटा भर समेटा। जब तक कसरत करने का समय आया तो चौबे जी थककर पस्त हो चुके थे, सो किसी तरह उठकर अपने लिए एक गरमा–गरम चाय बनाई और पूरे इत्मिनान के साथ बैठकर जब चौबे जी ने इस बादाम के दूध की चाय की चुस्की ली, तो बस पूरे शरीर ने इस अटपटी चाय के खिलाफ एक साथ आंदोलन सा कर दिया आँखें भिंची, जीभ बाहर आयी, जिस हाथ में कप था वह स्वतः ही दूर हो गया, और चौबे जी के मुंह से निकला, ''आआ....य हाय! ये क्या पी लिया' कुछ क्षण तो चौबे जी को लगा कहीं गलती से जहर तो नहीं पी लिया, फिर लगा दूध की जगह छाछ तो नहीं डाल दिया चाय में, फिर लगा कि कहीं छिपकली तो नहीं गिर गयी थी चाय में और दूध फट गया और अब बस वे कुछ ही पल के मेहमान हैं, 'हे राम! अम्मा बापू जी का ध्यान रखना, मेरे बच्चों को सद्बुद्धि देना...' जब हाथ जोड़े प्रार्थना करते–करते चौबे जी को एक मिनट हो गया और वे ज़िंदा ही रहे तो धीरे से आँखें खोली व सचमुच बेचारे बालहृदय चौबे जी की जान में जान आयी। इस चायरूपी भुलावे को रसोईघर की सिंक में

फेंक, अच्छे से कुल्ला करके थके हारे लेकिन तमतमाए हुए चौबे जी ऑफिस पहुंचे, और आज तो सचमुच भूखे ही थे, लेकिन फिर भी सोचा कि आज तो इस नए लड़के की जमकर खबर लेने के बाद ही अपना व्रत खोलेंगे लेकिन पता लगा की महाशय लंबे अवकाश पर गए हुए हैं, सो चौबे जी ने एक गहरी सांस ली, कुछ सोच ही रहे थे कि दफ्तर के ही एक पुराने मित्र छोले–भटूरे ले कर आ धमके, चौबे जी ने भटूरे और चाय के साथ अपनी सारी आपबीती उन मित्र से कह सुनाई, तो वो मित्र ठहाका लगते हुए बोले, 'अरे चौबे, तुम भी कहाँ नए नए बच्चों की बातों में आ गए, जब तुम उसकी उम्र के थे तो तुम भी तो एकदम गठीले हुआ करते थे, शरीर तुम्हारा भारी हो चला है लेकिन हाँ स्वास्थ्य तो दुरुस्त है ना! औथेंटिक, ऑर्गेनिक सब मोह माया है, आत्मस्वीकृति की राह पकड़ो और मौज लो जिंदगी की।'

एक महीना हो गया है इस बात को, गली के सभी ठेले वापस चौबे जी की खुशमिजाज़ी से गुलज़ार हैं, खास कर तिवारी जी की चाय और मटर की कचौरी, हालांकि अब चौबे जी ने संतुलन बनाना शुरू कर दिया है घर और बाहर के खाने में, समय निकाल कर थोड़ा–बहुत व्यायाम भी करते हैं, लेकिन नए लड़के का अपने पास फटकना बंद कर दिया है। खुश हैं अब चौबे जी, अपनी चाय की चुस्की और आत्मस्वीकृति के साथ।

*****

Answers to the Workplace Wisdom Crossword on page 26



GRATITUDE

T. Vineetha
Divisional Manager
Mandya RO, Mandya

"To mark my 30 years with our bank that has provided me with prosperity and opportunities to lead a fulfilling life, I dedicate this humble poem "Gratitude" to my organization".

It was on a fine winter day,
A hesitant Sun emerged from the blanket,
And the golden robe covered the eastern Sky,
With rays of sunshine and chirping of birds

Bells rang in the temple,
Colorful and decorated with flowers
It was a festive mood all around.
Caparisoned elephants,
Holy chants and music followed.

The procession is underway with the Deity
On the elephants, the priests rode,
Raising their hands devotees prayed
By chanting slokas loudly.
A spiritual aura was everywhere.

Standing in line for darshan
With closed eyes praying silently,
Was suddenly awakened by a voice
Before me was a middle-aged woman.

Tears rolled down her cheek and
With folded arms she came.
Could not recollect her
But her eyes were familiar.

She came closer, bowing her head,
The woman whispered, "You are my God.".
Holding my arms, sobbingly she continued.
'You gave new life to my better half.'

With the small loan amount, I gave
Her partner's eyesight was regained.
Gratitude shown in this gesture,
Is something I will always cherish.

"उम्मीदें"

प्रमोद रंजन
प्रबंधक
बेट्टैया मुख्य शाखा

चिलचिलाती गर्मी में जब
अचानक से आवाज होती है,
वो मंद मंद अद्भुत सी हवाओं
का झोका पास होती है ॥

पंछी डरकर नहीं,
जी कर अपनी उड़ान भरते हैं,
चारों ओर चंद मिनटों में
ठंड की मिठास लिए उभरते हैं ॥

फिर टिप–टिप बूंदें
धीरे–धीरे भीगा देती है धरा को,
मानो बंजर बना खलिहान
भी सिर्फ एक पेड़ से हरा हो ॥

कुछ उसी तरह, जो अधूरा हो
तो पूरा करने की चाह ठहर जाता है,
पूरा हो फिर भी कुछ खाली रह जाता है,
"उम्मीदें" महज सितारों की एक उड़ान सी ही तो है ॥

Gujarat - Where Heritage meets Progress-AMUL

Mousumi Mohanty
Officer
HRM section, RO Cuttak

When the topic is Gujarat it is almost inevitable to skip-**"Utterly, Butterly, Delicious "- Amul** - the creation of Gujarat. Since 1946, Amul is the brand managed by **Gujarat Co-operative Milk Marketing Federation Ltd (GCMMF).**

The brand Amul has been a part of almost every Indian house hold from the breakfast to dinner table. **The story of Amul originates from the land of Gujarat.** Amul is based in Anand, Gujarat. Amul originated from the rural landscapes of Gujarat, where farmers were struggling against middlemen's exploitation in the milk supply chain.

Dr Verghese Kurien, also known as **Father of the White Revolution** in India, played a very important role in shaping the destiny of these farmers. He organized the dairy co-operatives to address this issue. Dr Kurien, a visionary engineer and social entrepreneur changed the landscape of India's Dairy sector. It was his efforts that led to the birth of Kaira District Cooperative Milk Producers Union Ltd, later known as Amul, in 1946. The White revolution in India, aimed to increase milk production and create a sustainable model for dairy farming. It introduced modern techniques in dairy farming, improved the quality of cattle and provided training to the farmers.

The co-operative model was also instrumental in Amul's success. Small dairy farmers came together to form village level co-operatives that collected, processed and marketed milk. This model ensured fair prices for farmers and reduced the role of middlemen. The Amul's co-operative model , characterised by its integrity and unwavering commitment to quality, has set a precedent for sustainable and equitable development in various sectors.

Amul has undergone several product diversifications and product enhancements to remain unbeaten in this competitive era. The story of Amul is also a wonderful teaching on how product diversification can help survive competition. Amul diversified its product range to include a wide array of dairy products such as ice-cream, other dairy products like

paneer, yogurts, milk based sweets, chocolates and even biscuits.

